## खबर संक्षेप

### डॉक्टर से हुई घटना के संबंध में एसडीएम कार्यालय दर्ज कराएं कथन

**शहडोल।** अनुविभागीय दंडाधिकारी सोहागपुर अरविंद शाह ने 16 मई को रात्रि में डॉ. कृष्णेन्दु द्विवेदी के साथ हुई घटना के संबंध में जिला दंडाधिकारी द्वारा विभिन्न संगठनों मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन मेडिकल कॉलेज शहडोल, म.प्र. मेडिकल आफीसर्स एसोसियेशन शाखा शहडोल एवं अध्यक्ष इण्डियन मेडिकल एसोशियेसन शहडोल द्वारा प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्राधिकृत जांच अधिकारी नियुक्त किया है तथा 15 दिवस के भीतर जांच पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। उक्त घटना के संबंध में कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन अपना कथन 24 मई 2025 को एसडीएम कार्यालय सोहागपुर में दर्ज करा सकते है।

### संभाग स्तरीय विशेष राजस्व अभियान में 58.24 प्रतिशत राजस्व प्रकरणों का निराकरण

**शहडोल।** आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता के निर्देशन में संभाग के तीनों जिलों में राजस्व संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु 20 अप्रैल से 20 मई तक विशेष राजस्व अभियान का संचालन किया गया। अभियान के तहत 20 अप्रैल से 20 मई के मध्य संभाग में कुल 58.24 प्रतिशत राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जिसमें अनूपपुर जिले में लंबित प्रकरणों में से 52.43 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी तरह जिले में लंबित कुल प्रकरणों में से 63.43 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी तरह जिले में लंबित कुल प्रकरणों में से 57.52 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया गया। संभाग में लंबित कुल प्रकरणों के निराकरण का प्रतिशत 58.24 है। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में राजस्व अभियान के तहत राजस्व प्रकरणों के राजस्व न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों को भी शामिल किया गया है।

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वितीय परीक्षा हेतु आवेदन की तिथि बढ़ी

**शहडोल।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल ने सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि की है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिये अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के लिये अब 25 मई रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों की द्वितीय परीक्षा के लिये 31 मई की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन किये जा सकेंगे।

### प्रकृति की विविधता का संरक्षण एवं संवर्धन हम सबका दायित्व है

**शहडोल।** जैव विविधता का पृथ्वी पर मौजूद सभी जीव-जंतुओं, पौधों, पेड़ों, सूक्ष्मजीवों और पारिस्थितिक तंत्र ही जैव विविधता है। यह पृथ्वी के जीवन चक्र को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जैव विविधता दिवस का उद्देश्य पृथ्वी पर मौजूद जैविक विविधता की रक्षा करना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सतत विकास को बढ़ावा देना है। जब हम जैव विविधता को बचाएंगे तो धरती स्वस्थ रहेगी, पर्यावरण संतुलित रहेगा और हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा। प्रकृति में हर जीव की अपनी अहमियत है और सबका इस धरती पर समान अधिकार है। हमें पेड़-पौधों और जीव-जन्तुओं को बचाने की ज़रूरत है ताकि धरती पर संतुलन बना रहे। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस हर साल 22 मई को मनाया जाता है। जैव विविधता धरती पर रहने वाले सभी तरह के जीव-जन्तु, पेड़-पौधे, पक्षी, कीड़े, मछलियां और उनके रहने की जगहें हैं। यह हम सबको प्रकृति और जीव-जंतुओं की अहमियत समझनें और उन्हें बचाने की कोशिश करने को प्रेरित करता है।

## वर्षो से जमे छात्रावास अधीक्षकों के फेरबदल को लेकर वसूली अभियान

# ...तो विकास खण्डों के भरोसे चल रहा मुख्यालय

**हास्यास्पद बना सहायक आयुक्त का छात्रावास से संबंधित आदेश**

आदिवासी विकास सहित जिला शिक्षा व सर्व शिक्षा अभियान के द्वारा सैकड़ा भर छात्रावास जिले में संचालित हैं, जो इन विभागों के प्रभारी और मुखिया के लिए चारागाह बने हैं, वर्षो से एक ही स्थान पर जमें छात्रावास अधीक्षकों का न तो हटाया जाता है न ही उनके खिलाफ आई शिकायतों की जांच होती है, एक बार फिर तीन वर्ष का राग अलापकर वसूली अभियान की आहट सुनाई देने लगी है।




**हरिभूमि न्यूज, शहडोल।**

मुख्यालय से विकास खण्डों के मार्फत छात्रावासों में प्रभारियों की नियुक्ति और उन्हें हटाने को लेकर एक बार फिर शिक्षा के मंदिरों में बोली जैसी स्थिति नजर आ रही है, आदिवासी विकास विभाग से विकास खण्डों के लिए फरमान जारी कर दिया गया है, इसके साथ ही शिक्षा के दो अन्य विभागों ने भी इस दिशा में कदम बढ़ा दिये हैं, जिले में सैकड़ा भर के आस-पास कन्या और बालक छात्रावास के अलावा आश्रम हैं, इन पर हर माह करोड़ों रूपये खर्च होते हैं। नतीजा वर्तमान और बीते वर्ष के परीक्षा फल खुद बयां करते हैं। बहरहाल जिन छात्रावासों में अधीक्षकों की नियुक्ति तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, विभागीय या अन्य कारण दर्शाकर उनकी अवधि बढ़ाने और जो बोली में पीछे रह जायें, उनकी जगह नये बोलीदारों को छात्रावासों की कमान देने का सिलसिला शुरू हो चुका है।

### हास्यास्पद है सहायक आयुक्त का आदेश

गुरूवार को सहायक आयुक्त कार्यालय से विकास खण्ड कार्यालयों को उनके अधीन संचालित छात्रावासों में तीन वर्ष से डटे अधीक्षकों की सूची मंगाई गई है, प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा ने अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावास एवं आश्रमों में तीन वर्ष एवं पांच वर्षों से अधिक समय से कार्यरत छात्रावास अधीक्षकों के प्ररिवर्तन एवं फेर-बदल किए जाने के लिए प्रस्ताव मांगे गए थे। मजे की बात तो यह है कि आदेश के परिपालन में जिले के विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों से ये प्रस्ताव चाहे गए थे। जो आज तक उपलब्ध नहीं कराया गया। जारी प्रेस विज्ञप्ति में श्री सिन्हा ने बताया कि आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा छात्रावास आश्रमों में पदस्थ अधीक्षकों, संविदा अधीक्षकों तथा अन्य शिक्षक जो अधीक्षकों का कार्य कर रहे हैं। उनकों अधिकतम तीन वर्ष के लिए ही पदस्थ किया जाए। यह अवधि पूर्ण कर लेने के पश्चात अधीक्षकों, संविदा शाला शिक्षकों को शालाओं में वापस पदस्थ किया जाए और उसके बाद कम से कम तीन साल उपरांत ही छात्रावास आश्रमों में पदस्थ किया जाए। उन्होंने जिले के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश के अनुरूप औचित्य के साथ दो दिवस में प्रस्ताव तैयार कर सहायक आयुक्त कार्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं।

### ...तो एसी पर भारी बीईओ

सहायक आयुक्त कार्यालय में छात्रावासों की निगरानी और अधीक्षकों की नियुक्ति व बजट को लेकर अलग से प्रभारी नियुक्त है, जिसके पास समस्त छात्रावासों की छात्र संख्या से लेकर बजट और नियुक्त अधीक्षकों की पूरी कुण्डली रहती है। जिले के पांचो ब्लाकों में पदस्थ बीईओ अर्से से महज एक मोहरा बनकर रह गये हैं, बावजूद इसके मुख्यालय से बीईओ को आदेश और उनके द्वारा मुख्यालय के आदेश की परवाह न करना समझ से परे है। वर्तमान में जितने अधीक्षक सिर्फ आदिवासी विकास विभाग ही नहीं बल्कि अन्य दोनों विभागों में पदस्थ हैं, वे दो या तीन से नहीं बल्कि कई वर्षो से डटे हुए हैं। बावजूद उन्हें कलेक्टर की अनुशंसा से बाहर करने की जगह बीईओ के माध्यम से अधीक्षकों पर दबाव बनाने का खेल अब चर्चा का विषय बन चुका है।

### इनका कहना है...

अधीक्षकों के संबंध में संभवतः कुछ प्रस्ताव ऑनलाइन आए हों, मैंने अभी देखा नहीं है।

**आनंद राय सिन्हा**
**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास विभाग, शहडोल**



# जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सीईओ

**कार्यों में लापरवाही बरतने पर सब इंजीनियरो, सचिवों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**

**हरिभूमि न्यूज, शहडोल।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह धुर्वे ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत जयसिंहनगर क्षेत्र के अंतर्गत किये गए कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों को प्राथमिकता के साथ करें, उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये गए कार्यों की फोटो एवं वीडियो भी जन सम्पर्क कार्यालय को उपलब्ध कराए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने हेतु कार्यों को तेजी से करें तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये गए कार्यों में अपेक्षित प्रगति नही होने पर सब इंजीनियर हेमंत पटले, मनोज शुक्ला, हीरामणि मरावी, भूपेंद्र आर्मो एवं ग्राम पंचायत बरना, बसोहरा, देवरी, छूंदा, रिया टोला, बडकाढोल, चितरांव, दरौडी, कुबरा, तेंदूडोल, उचेहरा, भर्री, विनेयका, ढोलर, हिडवाह, कौआसरई, टेटका, कोठीगढ़, रेउसा, टिहकी, तंगावर, कुंडाटोला, महुआ टोला, पहाडिया, पथरवाह, पोड़ी, झारा, बासा, छक्ता,नगनौड़ी नवाटोला, गजनी , दादर, के ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों, समग्र ईकेवाईसी एवं पीएम आवास के कार्यों के प्रगति की भी समीक्षा की तथा समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जनपद श्रीमती शिवानी जैन, परियोजना अधिकारी मनरेगा बाल्मीक, पी.सतपुते, सहायक यंत्री अशोक मरावी सहित सब इंजीनियर, ग्राम पंचायतों सचिव, रोजगार सहायक उपस्थित थें।

# तीन दिन, तीन करोड़ का गांजा
# हवा में लाठी भांज रही वर्दी

**हरिभूमि न्यूज, शहडोल।**



जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुई बड़ी गांव में पुलिस को भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद हुआ था। गांजा एक रिटायर्ड डीएफओ के खेत में लावारिस हालत में मिला , जिसकी अनुमानित कीमत 3 करोड़ रुपये से भी अधिक बताई जा रही है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस बड़े मामले में अभी तक पुलिस किसी भी आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है। गांजा के साथ बड़ी मात्रा में मकई भी जब्त की गई है, लेकिन पुलिस को खुद यह नहीं मालूम कि मकई की मात्रा कितनी है। जब जयसिंहनगर थाना प्रभारी ने इस संबंध में गोलमोल जवाब देते हुए कहा कि मकई में कोई कार्यवाही नहीं होती, पता करता हूँ कि कितनी मकई जब्त हुई है।

### ब्रेजा-मकई और नेताजी

पुलिस से जुड़े सूत्र बताते हैं कि खेत में मिला करोड़ों का गांजा मकई के साथ आया था, मकई थाने में है या फिर जयसिंहनगर के बाजार में बेंच दी गई, यह जांच का विषय है, गांजे की खेप से जोडक़र ब्रेजा की भी तलाश जारी है, संभवतः शहडोल पुलिस ने ऐसी सूचना देने वाले को 50 हजार ईनाम देने की घोषणा की है, लेकिन इसका प्रेसनोट जारी नहीं हुआ। ब्रेजा को लेकर यह भी चर्चाएं हैं कि वाहन अब शायद ही पुलिस के हाथ लगे, चूंकि जिस समय पुलिस को इस मामले में कार्यवाही करनी थी, उस तरह की तत्परता नजर नहीं आई, बल्कि प्रभारी और संतोष नामक पुलिसकर्मी पर ही आरोप लगने लगे, वहीं यह भी तथ्य सामने आये हैं कि संजय और पंकज नामक दो भाईयों के साथ उनके गोलई भी पुलिस की रडार में है, इधर धीरू और झिरिया टोला के पटेल का भी नाम जांच के दायरे में है, लेकिन ब्रेजा, मकई और नेताजी अभी वर्दी के घेरे से पूरी तरह बाहर हैं।

### हवा में तैरकर आया गांजा

जयसिंहनगर में पुलिस की हामी भरने से पहले ही क्षेत्र में गांजा खेत में पाये जाने की चर्चा हो गई, यही नहीं यह चर्चा शहडोल तक पहुंच गई, चर्चा तो यह भी थी कि 121 नहीं बल्कि इससे ढाई से तीन गुना अधिक बोरियां हैं, दो लोग भी थे और ब्रेजा भी, लेकिन पुलिस की विज्ञप्ति ने इन चर्चाओं को झुठला दिया, लेकिन दूसरे प्रांत से कई जिलों की सीमा लांघकर गांजा सूनसान क्षेत्र के खेत में कैसे पहुंचा, इस पहेली ने पुलिस को उलझा दिया है। हालाकि इस मामले में तीन दिनों से पुलिस अधिकारी पूरी नजर रखे हुए हैं, शायद ऐसी स्क्रिप्ट तैयार की जा रही है, जो प्रेसनोट से लेकर माननीय न्यायालय तक खारिज न की जा सके।

# कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत सहित जनपद के अमले ने किया श्रमदान



**हरिभूमि न्यूज, शहडोल।**

जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल की एक-एक बूंद सहेजने के लिए जिले भर में विभिन्न स्थानों में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्राम पंचायत कौआसरई के अखड़ार नदी की जल धारा ग्रीष्मकाल में मृतप्राय हो चुकी थी। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पहले तक नदी में बारहों महीनें जल धार प्रवाहित होती थी। जिससे गांव के लोग निस्तार एवं खेती में सिंचाई का कार्य कर लेते थे। धीरे-धीरे ग्रीष्मकाल में नदी की धार देख-रेख के अभाव में मृतप्राय हो गई। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आहवान पर पूरे प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन जिला प्रशासन एवं समाज के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

गांव के बुजुर्गों ने बताया कि अखड़ार नदी की जलधार को वापस लाने हेतु बोरी बंधान किया जा सकता है। ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पारित कर जनपद पंचायत जयसिंहनगर तथा कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह को बोरी बंधान की तिथि नियत कर सहभागी बनने का आमंत्रण दिया गया। 21 मई को सायं काल कलेक्टर डॉ केदार सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री नरेन्द्र धुर्वे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा तथा सीईओ जनपद पंचायत जयसिंहनगर शिवानी जैन अमले के साथ ग्राम पंचायत कौआ सरई में बोरी बंधान करने के लिए पहुंचे। वहां पहले से ही गांव के युवा, बुजुर्ग, महिलाएं श्रमदान के लिए तैयार थे। देखते ही देखते दो घंटे के श्रमदान से बोरी बंधान का कार्य पूरा हो गया और नदी में जलधार फिर से दिखने लगी। नदी के बहाव क्षेत्र में पानी इक_ा होने लगा। बोरी बंधान में जनपद अध्यक्ष श्रीमती मालती सिंह, तहसीलदार श्रीमती सुषमा धुर्वे, जनपद सदस्य रामप्रसाद पयासी, सहायक यंत्री अशोक मरावी, एपीओ मनोज मिश्रा, देवेन्द्र श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव सहित जन अभियान परिषद के सदस्य व ग्रामवासियों ने श्रमदान किया।



# एसईसीएल और व्यापारियों की बीच बैठक का नहीं निकला कोई निष्कर्ष

**रेलवे और एसईसीएल मिलकर निकले कोई बीच का रास्ता व्यापारी**

**उमरिया।**

जिले के एसईसीएल जोहिला क्षेत्र नौरोजाबाद में जो एसईसीएल ने व्यापारियों को घर और दुकान को लेकर नोटिस दिया गया था, इसको मामले को लेकर व्यापारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया था, उसकी जांच एसडीएम पाली को दी गई थी, एसडीएम पाली ने एसईसीएल के आलाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ सामूहिक बैठक कर समस्या का निराकरण के लिए चर्चा की गई, लेकिन बिना रेलवे के अधिकारियों से बात किए बिना कोई निष्कर्ष ना निकल पाने का मामला सामने आया। एसईसीएल के अधिकारियो का कहना है कि काम से काम 6 मीटर पीछे का रस्ता खाली करना है और रेलवे अपना निर्माण कार्य कर सके, लेकिन व्यापारियों कहना कि 2 मीटर में नाली का निर्माण होने से हम लोग का ज्यादा नुकसान ना होगा, जिसको लेकर घंटो बैठक चली लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला सका। बिना रेलवे के अधिकारियों से बात किए बिना कोई निष्कर्ष नहीं निकाल पायेगा कि कितने मीटर में नाली बनाना है और कितना जमीन 50 साल से रह रहे लोगो को खाली करना पड़ सकता है, बैठक में निष्कर्ष हुआ कि एसईसीएल के अधिकारी रेलवे विभाग के अधिकारियों से बात करके बीच का कोई रास्ता निकले कि ना व्यापारियों का कोई ज्यादा नुकसान हो ना एसईसीएल और रेलवे का काम रुक अब आगे क्या होता है ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

## कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

# सीईओ जिला पंचायत ने की जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह धुर्वे ने जिले में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की प्रगति कीं समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने अधिकारियो को निर्देश दिए कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने हेतु कार्यों को तेजी से करें तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये गए कार्यों में अपेक्षित प्रगति नही होने पर सहायक यंत्री राघवेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत अमरहा, मिठौरी, झगऱहा, दूधी, नरगी, चिटुहुला, पथरा ,जुगवारी, चुनिया, बंडीखुर्द, अरझुला, धमनिकला, धनपुरा, बरतरा, विक्रमपुर, गोपालपुर,खन्नाढ, छतवई, खितौली, श्यामडीह, पटासी, सिंदूरी भर्री, बमुरा , हरदी 32, कठौतिया, चांपा धुरवार, हर्री के सचिवों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के



कार्यों में किसी भी स्थिति में लापरवाही नही बरती जाए अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब के लिए आबंटित लक्ष्य 689 के विरुद्ध 196 तालाब कार्य प्रगतिरत पाए गए , डगवेल रिचार्ज के 99 कार्यों के विरुद्ध 88 प्रगतिरत पाए गए, 501 कार्य पुराने कार्यों की पूर्णता लंबित है। सीईओ जिला पंचायत ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों, समग्र ईकेवाईसी एवं पीएम आवास के कार्यों के प्रगति की भी समीक्षा की तथा समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना अधिकारी मनरेगा , लेखा अधिकारी मनरेगा, परियोजना अधिकारी आवास सातपुते, सहायक यंत्री राघवेंद्र सिंह, एपीओ अनुराग निगम, उपयंत्री, ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वितीय परीक्षा आवेदन की तिथि बढ़ी

**उमरिया।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल ने सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि की है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिये अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के लिये अब 25 मई 2025 रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों की द्वितीय परीक्षा के लिये 31 मई 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन किये जा सकेंगे।

### 28 मई को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक 28 मई को प्रातः 11.30 बजे से कलेक्टर सभागार में आहूत की गई है । बैठक मे सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

### कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों का शुरू हुआ वजन सत्यापन अभियान



**शहडोल।** आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के तीनों जिलों में कुपोषण निवारण अभियान के माध्यम से प्रभावी प्रयास के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए गए हैं। अभियान का प्रथम चरण शुरू हो चुका है, आंगनवाड़ी केन्द्रों में कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों का चिन्हांकन करने के लिए वजन सत्यापन कार्य किया जा रहा है। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती मंजू सिंह ने बताया कि वजन के पश्चात चिन्हित कुपोषित एंव अतिकुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य कार्ड बनाए जा रहे है। जिसके पश्चात स्वास्थ्य शिविर लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। चिकित्सकों के परामर्श से आवश्यकता पडऩे पर इन बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया जाएगा।

### रामनगर पुलिस द्वारा नाबालिग को किया दस्तयाब



**राजनगर।** नाबालिग गुमशुदगी के दस्तयाबी का अभियान पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में चलाया जा रहा है जो 23 अप्रैल को रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक 16 वर्षीय नाबालिग बालिका लापता हो गई थी। वह दोपहर के समय अपने परिजनों के साथ लकड़ी लेने जंगल गई थी, परंतु घर लौटते समय वह साथ नहीं थी परिजनों द्वारा आसपास और रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों की सूचना पर थाना रामनगर में अपराध क्र 92/25 धारा 137 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। दौरान विवेचना आज दिनांक 21 मई 2025 को बस स्टैंड कोतमा से सकुशल दस्तयाब किया गया है। जिसे परिजनों को सुपुर्द किया गया है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, उनि फूलवती एवं एएसआई कमला टांडिया का सराहनीय योगदान रहा है।

## यूपीएससी में चयनित प्रतिभागियों का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

### नौरोजाबाद के अभिशील जायसवाल भी हुए सम्मानित



**उमरिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में चयनित प्रतिभागियों सम्मान करते हुए उनसे संवाद किया। नौरोजाबाद के जीएम जीएम कॉम्प्लेक्स निवासी अभिशील जायसवाल द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2024 में 538वीं रैंक हासिल करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व्दारा सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई । विदित हो कि अभिशील जायसवाल ने हाई स्कूल तक की पढ़ाई नौरोजाबाद तथा बिरसिंहपुर पाली से पूरी की है। इंदौर से हायर सेकेण्डरी की पढ़ाई पूरी की है। बनारस से ग्रेजुएषन बीए एलएलबी किया है तथा मास्टर डिग्री बैंगलोर से ली है। बताया जाता है कि वर्ष 2022 में पहली बार यूपीएससी का फेस किया था । दूसरी बार में उन्हें यह सफलता मिली है। अभिषील के पिता राजेष जायसवाल जोहिला क्षेत्र एसईसीएल नौरोजाबाद मुख्यालय में वायरलेस आपरेटर के पद पर पदस्थ है। माता स्नेहलता जायसवाल गृहिणी है। अभिषील दो भाई एवं एक बहन है।

## जल गंगा संवर्धन के तहत छुहाई तालाब का किया गया गहरीकरण

उमरिया। प्रदेश शासन के आव्हान पर उमरिया जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है । अभियान के माध्यम से जल स्त्रोतो की साफ सफाई, घाटो का सौदर्यीकरण, बोरी बंधान, तालाबों का गहरीकरण आदि कार्य किया जा रहा है। नगर परिषद चंदिया के अध्यक्ष पुरूषोत्तम कोल कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत छुहाई तालाब के आस पास साफ सफाई की गई तथा तालाब के गहरीकरण का कार्य किया गया । उन्होने कहा कि तालाब का गहरीकरण कार्य हो जाने पर बरसात का पानी एकत्र हो सकेगा । यह पानी पशु पक्षी के साथ ही आम जनों के निस्तार में काम आएगा । उन्होने कहा कि प्रदेश शासन व्दारा प्रारंभ किए गया जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन अभियान बनता जा रहा है । आम नागरिक भी इस अभियान से जुडक़र जल का संरक्षण करने के लिए आगें आ रह है । इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदिया रोहित उपाध्याय, पार्षद अखिल अग्रवाल, स्वच्छता निरीक्षक जानकी दास मिश्रा, राम कुमार बर्मन, इंजीनियर आदित्य त्रिपाठी, अक्षय नामदेव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।



## जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जन भागीदारी से किया जा रहा कार्य

शहडोल। पानी आप बचाओ, पानी आपको बचाएगा सरकार और समाज दोनों को मिलकर जल के महत्व को समझना चाहिए और इसे बचाने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। जल जीवन का अभिन्न अंग है, और इसके बिना न तो कृषि संभव है, न ही उद्योग, और न ही हमारी दैनिक आवश्यकताएँ पूरी हो सकती हैं। अतः जल का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने



उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत बुढ़ार के ग्राम सिंघली में जल की एक-एक बूंद सहेजने के लिए चौपड़ा का निर्माण किया गया। चौपड़ा के निर्माण हो जाने से स्थानीय लोगों को जल की समस्या से निजात मिली, वहीं वर्षा के जल का संचयन भी होगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बुढ़ार जनपद पंचायत के ग्राम घोघरी में भी जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भी कार्य किया गया। भीषण गर्मी में भी चौपडा पानी से लबालब भरा हुआ है। ग्रामीण जन इस पानी का उपयोग अपने निस्तार हेतु कर रहे है।

## ग्राम बरबसपुर में राहगीरों के लिए खोला प्याऊ

**उमरिया।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक व्दायरा ग्राम पंचायत गिजरी के ग्राम बरबसपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शुद्ध पेय जल प्याऊ खोला गया । प्याऊ के खुलने पर राहगीरों को ठंडा पानी मिल सकेगा , साथ ही सत्तू भी वितरण जा रहा है । प्याऊ का शुभारंभ नवांकुर संस्था तरुण शिक्षा संस्थान के माध्यम से किया गया है । कार्यक्रम में संस्था प्रमुख कृष्णा विश्वकर्मा,मेंटर्स संजय साहू बउबसकच छात्र वैशाली विश्वकर्मा,निधि , ग्रामीण जन ,ओर बच्चे उपस्थित रहे ।




## युवाओं को विभिन्न खेल विधाओं में किया जा रहा परांगत

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है नवोदित होनहार खिलाड़ी

**शहडोल।** मध्यप्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों एवं युवाओं में खेल के प्रति आकर्षण बढाने तथा उनकी प्रतिभा में निखार लाने के उदेश्य से जिले भर में जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग तथा जनजातीय कार्य विभाग के प्रशिक्षकों द्वारा 15 विभिन्न खेल विधाओं के प्रशिक्षण विभिन्न चिन्हित खेल मैदानों में सुबह एवं शाम को दिया जा रहा है।
ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय धनगंवा मैदान में प्रशिक्षक श्री राजू बैगा द्वारा फुटबाल खेल, विराट मार्शल आर्ट सोहागपुर के कोच प्रमोद विश्वकर्मा, एवं शिवानी नामदेव द्वारा लाठी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



# कोल इंडिया में बीसीसीएल, सीएमपीडीआई एनसीएल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज़राजनगर।** कोल इंडिया की कंपनियों के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के एमओयू स्कोर व रेटिंग जारी किये गये हैं. इसके अनुसार, कोल इंडिया की आठ अनुषंगी कंपनियों में सात का प्रदर्शन एक्सीलेंट (उत्कृष्ट) है। सर्वाधिक स्कोर के साथ बीसीसीएल, सीएमपीडीआइ व एनसीएल टॉप पर हैं। तीनों कंपनियों को क्रमशः 94.83, 98 व 93.04 स्कोर के साथ एक्सीलेंट रेटिंग मिली है।

एमओयू स्कोर व रेटिंग में इस बार इसीएल कंपनी पिछड़ गयी है। इसीएल को 57.53 स्कोर के साथ गुड (अच्छा) रेटिंग मिली है. यानी इसीएल का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। 93.5 स्कोर के साथ कोल इंडिया को मिली एक्सीलेंट रेटिंग : वित्त मंत्रालय के अधीन आने वाले लोक उद्यम विभाग (डीपीइ) की ओर से केंद्रीय सरकारी लोक उद्यमों (सीपीएसइ) की एमओयू स्कोर व रेटिंग रिपोर्ट जारी की गयी है। इनमें 84 सीपीएसइ के प्रदर्शन मूल्यांकन शामिल हैं। इसके अनुसार, कोयला मंत्रालय के अंतर्गत आनेवाले कोल इंडिया का एमओयू स्कोर 93.5 है, जबकि रेटिंग एक्सीलेंट (उत्कृष्ट) मिली है। स्कोर व रेटिंग से कंपनी के प्रदर्शन की गुणवत्ता का पता चलता है. गौरतलब हो कि वित्त वर्ष 2022-23 में कोल इंडिया को वेरी गुड (बहुत अच्छी) रेटिंग मिली थी। इस बार कंपनी का प्रदर्शन सुधरा है। डीपीइ केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) प्रणाली का उपयोग करता है। तय लक्ष्यों के विरुद्ध उनके प्रदर्शन के आधार पर सीपीएसइ का मूल्यांकन किया जाता है और उन्हें स्कोरिंग प्रणाली के आधार पर रेटिंग दी जाती है।

### कोल इंडिया की टेक्निकल सब कमेटी की बैठक छह को

इंडिया की टेक्निकल सब कमेटी की बैठक छह जून को कोलकाता में होगी। इसमें कैडर स्कीम में प्रस्तावित बदलाव पर चर्चा होगी। इसमें यूनियन की ओर से बीएमएस से जयंत ओसेले, एचएमएस से राघवन रघुनंदन, एटक से सुरेंद्र कुमार शर्मा तथा सीटू से बृजेंद्र कुमार पटेल हिस्सा लेंगे।

### एक्सीलेंट रेटिंग से बेहतर पीआरपी की उम्मीद

एमओयू स्कोर व रेटिंग की रिपोर्ट के आधार पर ही कोयला अधिकारियों के परफॉरमेंस रिलेटेड पे (पीआरपी) का निर्धारण होता है। कम रेटिंग से अधिकारियों की पीआरपी राशि घट जाती है। ऐसे में कोल इंडिया, बीसीसीएल व सीसीएल को एक्सीलेट रेटिंग मिलने से इस बार अधिकारियों को भी अधिक पीआरपी मिलने की उम्मीद है. इस कारण अधिकारियों में हर्ष है। हालाकि बीसीसीएल, सीसीएल व अन्य कोल कंपनियों की तुलना में वेरी गुड रेटिंग मिलने से इसीएल के अधिकारियों को थोड़ा कम पीआरपी मिलेगा।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर वीर जवानों के सम्मान में निकली शौर्य तिरंगा यात्रा

**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और वीर जवानों के अद्वितीय शौर्य को सम्मान देने तहसील मुख्यालय राजेन्द्रग्राम में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। देशभक्ति से ओतप्रोत यह यात्रा नगर के स्व सहायता समूह भवन से नगर भ्रमण करते हुये बस स्टैंड बाजार के बीचोबीच कस्बे के हनुमान चौक होते हुये निकाली गई। उक्त तिरंगा यात्रा देश के शौर्य, स्वाभिमान एवम सफल‡ ऑपरेशन सिंदूर‡ में देश के तीनों सेनाओं के साहस शौर्य को सलामी देते हुए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं सक्षम नेतृत्व ने सेना को फ्री हैंड देकर देश का गौरव बढ़ाया है तथा दुनिया में हिन्दुस्तान को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया सभी देशवासियों को बधाई देते हुये जय हिंद की सेना भारत माता की जय के नारे से पूरा नगर गुंजायमान हो गया। उक्त आयोजन शौर्य सम्मान समिति पुष्पराजगढ़ के तत्वाधान में आयोजित किया गया।

**दीप प्रज्वलन के साथ हुआ शुभारंभ कार्यक्रम की शुरुआत**

स्व सहायता भवन में भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई इस मौके पर सौर्य सम्मान यात्रा समिति पुष्पराजगढ़ द्वारा तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पुष्पराजगढ़





आँचल के खेतगाव में जन्मे संग्राम सिंह टी आई एवं इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की प्रो.मनीषा शर्मा जी की गरिमामयी उपस्थिति में उक्त शौर्य सम्मान तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें भूतपूर्व सैनिकों का फूल मालाओं के साथ शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया जिसमे मुख्य रूप से जिया लाल चंद्रवंशी अरूण पाल सिंह नीरज सिंह बघेल रामदुलारे चंद्रवंशी तीरथ सिंह आर्मो गणेश सिंह भूरी बाई भृत्य जिन्होंने अपने पति के निधन के बाद दोनों बेटों में से एक को एमबीबीएस कराकर डॉक्टर तो दूसरे बेटे को इंजीनियर बनाया शहीद जवान स्वर्गीय राजेश सिंह(रज्जू) की धर्म पत्नी पार्वती सिंह का विशेष सम्मान किया गया।

**तिरंगा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब**

शौर्य सम्मान यात्रा में युवाओं महिलाओं प्रबुद्धजनों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष के साथ हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। देशभक्ति धुनों पर झूमते हुए जनसमूह ने भारतीय सेना के प्रति आस्था और सम्मान व्यक्त करते हुये सेना की वीरता की सराहना की यह तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा न केवल ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को नमन है बल्कि यह भारतीय सेना के वीरता बलिदान और राष्ट्रभक्ति को समर्पित श्रद्धांजलि है।उक्त तिरंगा यात्रा में मौजूद रहे जनपद अध्यक्ष श्रीमति मिथलेश सिंह मरावी नर्मदा सिंह प्रमोद मरावी राजेन्द्र गुप्ता लक्ष्मण गुप्ता डॉ गीता टांडिया संगीता महोबिया अर्जुन सिंह सरपंच राजीवलोचन सिंह राजेन्द्र चतुर्वेदी जागेश्वर चंद्रवंशी अशोक जायसवाल मुन्ना लाल गुप्ता लालमन गुप्ता समेत बड़ी संख्या में सामाजिक राजनीतिक और प्रशासनिक हस्तियां सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति विराजमान रहीं। यात्रा के दौरान नवागत थानाप्रभारी एस पी शुकला अपनी पुलिस टीम को लेकर मौके पर तैनात रहे जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सका।

## कोल इंडिया में नॉन-एक्जीक्यूटिव कैडर स्कीम की समीक्षा को लेकर कमेटी गठित

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर। कोल इंडिया ने अपने नॉन-एक्जीक्यूटिव कैडर स्कीम की समीक्षा और अद्यतन करने के लिए एक समिति का गठन किया है। यह समिति वर्तमान कैडर स्कीम की कमियों को दूर करने व व्यवसाय की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार इसे अद्यतन करने के लिए काम करेगी।**

समिति में सीसीएल की मुख्य प्रबंधक (एचआर) कविता गुप्ता, एमसीएल के मुख्य प्रबंधक (एचआर) सिमंचल पंडा, एसइसीएल के मुख्य प्रबंधक (एचआर) मनीष श्रीवास्तव, कोल इंडिया मुख्यालय के वरिष्ठ प्रबंधक फनेंद्र कोरडा, इसीएल के प्रबंधक अविशेक भट्टाचार्जी, डब्ल्यूसीएल के प्रबंधक (एचआर) विवेक सिंह, बीसीसीएल के प्रबंधक (एचआर) विनीत कुमार सिंह, सीएमपीडीआई के प्रबंधक (एचआर) अनामिका सिंह, कोल इंडिया प्रबंधक (एचआर) रितिका श्रीवास्तव, एनईसी के प्रबंधक (एचआर) सैमसन बे व एनसीएल के उप प्रबंधक (एचआर) अभिषेक त्रिपाठी को शामिल किया गया है।

### क्या होंगे समिति के कार्य

वर्तमान कैडर स्कीम की समीक्षा करना और कमियों को दूर करना। व्यवसाय की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार कैडर स्कीम को अद्यतन करना। शैक्षिक योग्यता और नौकरी की विशिष्टताओं को अद्यतन करना। पुराने और अप्रचलित कैडर स्कीमों को समाप्त करना और कैडर स्कीमों को सरल और प्रभावी बनाना।

## युवाओं एवं बच्चों द्वारा देश के बहादुर सैनिकों के सम्मान मे निकाली गई तिरंगा यात्रा रैली

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** मध्य प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान एवं नगर के खेल प्रेमियों के सहयोग से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों एवं युवाओं में खेल के प्रति आकर्षण बढ़ाने तथा उनकी प्रतिभाओं में निखार लाने के उद्देश्य से पूरे क्षेत्र के बच्चों एवं युवाओं को जोड़ते हुए विभिन्न खेल विधाओं का प्रशिक्षण 1 मई से वार्ड क्रमांक 13 गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम में दिया जा रहा है।
बुधवार को खेलप्रेमी, समाजसेवा, युवाओं एवं बच्चों द्वारा देश के बहादुर सैनिकों के सम्मान मे तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। स्टेडियम से शुरू हुई यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए हृदय स्थल गांधी चौक तक पहुंची। उपस्थित लोगों द्वारा भारत माता की जय एवं देश की शान सेना के सम्मान में देश भक्ति




से ओतप्रोत के नारे लगाए गए। खिलाड़ियों द्वारा अपने वक्तव्य में कहा कि यह तिरंगा यात्रा देश की एकता एवं अखंडता का प्रतीक है। युवाओं में देश भक्ति की अलख जगाने एवं देश के बहादुर सैनिकों की जीवनी के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान बादल राय, परमजीत सिंह,सुनील मोटवानी, सुमित सोनी, दीपक पांडे सहित भारी संख्या में युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर युवा टीम ने मुक्तिधाम में रोपण किया छायादार पौधा

**हरिभूमि,उमरिया। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा मुक्ति धाम पाली में पाली पुलिस प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे,बिरासिनी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट पाली संस्थापक पवन सम्भर की उपस्थिति में छाया दार पौधा लगाकर पौधारोपण किया गया।प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे व इंस्टिट्यूट संस्थापक पवन सम्भर ने कहा कि विश्व जैव विविधता दिवस पर जरूरी है पर्यावरण का संरक्षण।**



धरती पर मौजूद जीव जंतुओं और पौधों के बीच के संतुलन को बनाए रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।जैव विविधता को संरक्षित रखने के लिए हमें प्राकृतिक संसाधन जैसे पेड़ पौधे और जीव जंतुओं के साथ-साथ पशु पक्षियों की धरती पर अस्तित्व बनाए रखने की जरूरत है, लेकिन इसमें आ रही कमी से पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो रहा है। जिसका दुष्परिणाम हमें प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़, सुखाड़ और तूफान के रूप में देखने को मिल रहा है। बल्कि यूं कहें कि इसका कारण बढ़ता ही जा रहा है। हम मिट्टी, पानी, हवा, नदियां और ताल तलैया तक का दोहन कर रहे हैं। जबकि हमें इसकी संरक्षण की जरूरत है। हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहां के इस वर्ष का थीम प्रकृति के साथ भविष्य में जीवन को बेहतर बनाने के लिए किए जाने वाले प्रयास पर केंद्रित है।जैव विविधता पृथ्वी पर मौजूद जीवन की विविधता एवं परिवर्तनशीलता को संदर्भित करता है। पृथ्वी पर सभी जीवों, फसलों एवं वृक्षों की विभिन्न प्रजातियों प्रकृति से उपहारस्वरूप प्राप्त है। हमें जैव विविधता को समृद्ध व सम्पन्न बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण एवं सुदृढ़ता के लिए कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया गया।इस दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन, नेहा सिंह,रुद्र प्रधान व सभी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अमरपुर, बिजौरी, चिल्हारी तथा इंदवार में होगा वजन सत्यापन

**उमरिया।** आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के तीनों जिलों में कुपोषण निवारण अभियान के माध्यम से प्रभावी प्रयास के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए गए हैं। कुपोषण निवारण अभियान के तहत 23 से 26 मई तक सेक्टर बिजौरी, चिल्हारी तथा इंदवार में वजन सत्यापन का कार्य किया जाएगा । वजन सत्यापन कार्य के लिए बिजौरी सेक्टर के डोडका 2 , दुलहरा, हिरौली, मरईकला, चिल्हारी सेक्टर अंतर्गत चिल्हारी 02, पलझा, इंदवार सेक्टर अंतर्गत इंदवार क्रमांक 01 झिरिया मोहल्ला दमोय तथा अमरपुर सेक्टर अंतर्गत अमरपुर क्रमांक 02, भरौली क्रमांक 01 मुडग़ुडी 02, टिकुरी 02 में बच्चों का वजन सत्यापन किया जाएगा।

### सुजियारी पहाड़ी में जला मिला नर कंकाल



**चंदिया।** थाना अंतर्गत ग्राम कौडिय़ा से सटे सुजियारी पहाड़ी पर चट्टानों के बीच संदिग्ध परिस्थितियों में नर कंकाल मिला है, जो पूरी तरह जला हुआ है। खबर यह भी है कि जले हुए नर कंकाल के करीब जूते, गमछे तथा एक घर की चाभी मिली है, जिसको आधार बनाकर पुलिस नर कंकाल के शिनाख्ती का प्रयास कर रही है। पिछले वर्ष नवम्बर माह में स्थानीय कौडिय़ा निवासी वृद्ध कालू प्रसाद पिता भोला प्रसाद यादव उम्र 65 साल निवासी कौडिय़ा सन्दिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें काफी तलाश किया, लेकिन वह नही मिला, बाद में परिजनों ने 17 नवम्बर 2024 को चंदिया थाने में गुमइंसान कायमी कराई थी। खबर है कि नर कंकाल मिलने के बाद मौके पर पुलिस के अलावा एफएसएल टीम भी पहुंची है, जो विभिन्न दृष्टिकोण से जांच कर रही है, इसके अलावा नर कंकाल की सैंपलिंग भी ली गई है, जो लेबोटरी भेजी जायेगी। जिस स्थल पर नर कंकाल मिला है, उस स्थल के करीब कई पत्थर रक्तरंजित भी मिले है, ग्रामीणों को संदेह है कि लापता वृद्ध किसी साज़िश का शिकार हुआ है।

### अब 9 जुलाई को गूंजेगी कोयला श्रमिकों की आवाज

**शहडोल।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया में कोयला श्रमिक संघ (सीटू) की हड़ताल की नई तारीख घोषित कर दी गई है। पहले 20 मई को प्रस्तावित हड़ताल अब 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी स्तर पर होगी। क्षेत्रीय सचिव अरुण गौतम ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि चार लेबर कोड रद्द करने की मांग को लेकर यह बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मंगलवार को सीटू क्षेत्रीय कार्यालय से निकली रैली में श्रमिकों ने गगनभेदी नारों के साथ हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया। रैली में अरुण गौतम, विनोद राय, धीरेंद्र पांडे, रमाशंकर शुक्ला, कल्लू सिंह, रामराज तिवारी, अनिल कमलेश साकेत, अतुल दास, राजेश राणा, सीता प्रसाद मिश्रा, अयोध्या प्रसाद पटेल समेत कई इकाइयों के साथी शामिल हुए।

### बका लेकर घूम रहे प्रौढ़ को किया गिरफ्तार

**कटनी।** बका लेकर एक युवक को स्लीमनाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया व अनुविभागीय अधि. स्लीमनाबाद के मार्गदर्शन में लगातार बदमाशों और असामाजिक तत्वों पर स्लिमनाबाद पुलिस कार्रवाई कर रही है। मुखबिर व्दारा सूचना मिली की दारा उर्फ विनोद लुनिया पिता शिव प्रसाद लुनिया 51 निवासी छपरा जैसवाल ढाबा के सामने हाथ में लोहे का धारदार बका लिए हुए लहरा कर लोगों को इशारा धमका रहा है। सूचना के आधार पर स्लीमनाबाद पुलिस ने तत्काल घेरीबंदी की। बदमाश पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पकडकर उसके हाथ से लोहे का धारदार बका बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्मस एक्ट के तहत प्रकरण कायम किया गया।

# जंगली हाथियों का किया गया रेस्क्यू



**हरिभूमि, शहडोल।** विगत दिनों जंगली हाथियों के पैरो से कुचलने से जिले के ब्यौहारी वन क्षेत्र में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई थी। घटना के बाद ब्यौहारी क्षेत्र में वन विभाग द्वारा बांधवगंढ टाइगर रिजर्व, संजय दुवरी टाइगर रिजर्व तथा मुकुंदपुर जू के विशेषज्ञो की टीम बनाकर इन हाथियों के रेस्क्यू करने का अभियान चलाया गया। जंगली हाथी का बुधवार को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एवं संजय टाइगर रिजर्व की संयुक्त टीम ने विभागीय हाथियों की मदद से रेस्क्यू कर लिया है, संजय टाइगर रिजर्व के रिजर्व फारेस्ट आरएफ 291, बीट कुरमाड़, रेंज पौड़ी के जंगल से हाथी का रेस्क्यू किया गया है, रेस्क्यू टीम बुधवार की सुबह से जंगली हाथी के ऊपर निगरानी बनाए हुए थी और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के प्रशिक्षित हाथियों की मदद से जंगली हाथी का रेस्क्यू किया गया। उप संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पीके वर्मा ने बताया कि रेस्क्यू किए गए जंगली हाथी को संजय टाइगर रिजर्व से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व लाया जाएगा, जिन्हें हाथी कैंप में रखकर चिकित्सा एवं आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। रेस्क्यू अभियान में बांधवगढ टाइगर रिजर्व बांधवगढ, संजय दूबरी नेशलन पार्क के क्षेत्र संचालक, उपसंचालक, सहायक संचालक, वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, बांधवगढ़ ओर मुकुंदपुर, रेस्क्यू प्रभारी, रेस्क्यू टीम, 6 हाथी ओर अन्य लगभग 100 से अधिक फील्ड स्टाफ ने सहयोग दिया।

# भव्य-अनुश्री ने गोल्ड मेडल जीता

**धनपुरी।** रीजनल टेबल टेनिस प्रतियोगिता छिंदवाड़ा व जबलपुर में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में धनपुरी केंद्रीय विद्यालय के खिलाड़ी भव्य सिंह पुत्र सत्यवीर सिंह कलकल, प्रमुख रेडियोग्राफर बुढ़ार केंद्रीय चिकित्सालय व अनुश्री परिहार पुत्री जयपाल सिंह शिक्षक डीएवी पब्लिक स्कूल ने स्वर्ण पदक जीत कर अपने विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया है, इस विद्यालय के तीन खिलाडिय़ों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा जो कि तमिलनाडु चेन्नई में 28 अगस्त को आयोजित होगा। यह तीन खिलाड़ी भव्य सिंह, अरुण सूर्यवंशी पुत्र रामचंद्र सूर्यवंशी व अनुश्री परिहार खेलेंगे। इन बच्चों को उपलब्धि देखते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह व पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने दोनों बच्चों को मिठाई खिलाकर बातें की व राष्ट्रीय स्पर्धा चेन्नई में बेहतर परिणाम पाने के लिए अनुशासन ,नेतृत्व क्षमता एवं विपरीत परिस्थितियों से लडऩे की कला के बारे में बताया। खेल प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने इन खिलाडिय़ों का उत्साह



वर्धन किया , खेल विभाग के अजय सोंधिया ने खेल प्रभारी को टेबल टेनिस संघ के सचिव व प्रशिक्षक पी.पी . सिंह के बारे में बताया उन्होंने टेबल टेनिस खेल के विकास के लिए के लिए अपने घर में ही विशाल हाल बनाकर झुग्गी झोपड़ी बस्तियों से लेकर सामान्य परिवार तक के जूनियर बालक बालिकाओं को प्रशिक्षित करके उनकी प्रतिभाओं को निखार कर ओपन स्टेट ,ओपन नेशनल या उन इनामी प्रतियोगिता में खिलाते हैं। इनके ट्रेनिंग सेंटर के बच्चे प्रदेश के अंदर कोई भी टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेते हैं और कभी खाली हाथ नहीं लौटते अथवा इनका दूसरा ट्रेनिंग सेंटर बुढार कॉलेज तिराहा में भी बुढार के बच्चों को ट्रेनिंग दिया जा रहा है और धनपुरी केंद्रीय विद्यालय स्कूल के प्रिंसिपल व शिक्षकों के द्वारा भी इन बच्चों का उत्साह बढ़ाया गया, इन बच्चों को गोल्ड मेडल मिलने पर कलेक्टर, एसपी के अलावा केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल योगेश गुप्ता और सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक पी.कृष्णा, महाप्रबंधक संचालन मनीष श्रीवास्तव, केंद्रीय चिकित्सालय के सीएमएस नवीन शर्मा और अमरेश द्विवेदी, धर्मेंद्र कुशवाहा, अंबिका तिवारी, कमलेश शर्मा, अमरजीत सिंह, राजेश शर्मा, रावेंद्र शुक्ला, द्वारका मिश्रा, शिवनारायण मिश्रा आदि के द्वारा इनको बधाई प्रेषित की गई और उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गई।

# भूमकार में दिखा भालू, वन विभाग अलर्ट

**हरिभूमि, शहडोल।** जिले में जंगली जानवरों का आए दिन आना-जाना आम हो गया है। केशवाही वन परिक्षेत्र के भूमकार गांव में एक मादा भालू अपने दो शावको के साथ दिखाई दी है। जिसे देखने के बाद लोगो में डर है। बीते दिनो ब्यौहारी में जंगली हाथियों ने तीन लोगो को कुचल कर मौत के घाट उतारा दिया था, अब केशवाही में भालू देखे जाने के बाद लोगो में काफ़ी खोफ है। वन विभाग गांव मुनादी करवा रहा है। वन विभाग ने कहा मोहरा पहाडिय़ों में दो दर्जन से अधिक भालू अपना बसेरा करते हैं।स्थानिक ग्रामीणों के अनुसार जैतपुर से दरशिला जाने वाले मार्ग में स्थित भुमकार गांव के पास सडक़ किनारे भालू दिखाई दिया है । वहीं वन विभाग के अधिकरी बताते हैं कि यह एक मादा भालू है, जो अपने दो शवको के साथ पानी की तलाश में बस्ती की ओर आई थी। सडक़ किनारे भालू देखे जाने की जानकारी जैसे ही वन विभाग को लगी तो वन विभाग ने मोर्चा संभालते हुए अपनी दो टीमें गांव के आसपास लगा दी है। जो जगह-जगह मुनादी कर लोगों को जागरूक कर रही है।स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर यह भालू दिखा है ,वह गांव की बस्ती से महज आधा किलोमीटर दूर है। बस्ती से भालू सडक़ किनारे चला गया, जिसे कुछ लोगों ने देखकर अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। और वन विभाग को मामले की जानकारी दी थी। रेंजर ने बताया कि केशवाही वन परिक्षेत्र के भुमकार एवम खमरिया गांव में भालूओ का मूवमेंट बना हुआ है।केशवाही रेंजर अंकुर तिवारी ने इस संबंध में यह भी बताया कि हमें कुछ लोगों ने भालू के वीडियो भेज इसकी जानकारी दी थी, हमने दो टीमें गठित कर दी है। जो भुमकार एवम खमरिया गांव में मुनादी कर लोगों को सतर्क कर रही है। अभी लोग तेंदूपत्ता तोडऩे जंगल जाते हैं ,उन्हें कोई खतरा न हो ,जिसको लेकर हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। और लोगों को जानकारी दे रहे हैं कि जंगल में अकेले ना जाएं ,सतर्क रहें और जंगली जानवरों का मूवमेंट मिलते ही वन विभाग को मामले की जानकारी दे।

### मोहरा पहाड़ भालुओं के लिए सुरक्षित

रेंजर के अनुसार भुमकार गांव के पास ही मोहरा पहाड़ है जो काफ़ी ऊंची है। पहाड़ में कई गुफाएं है जिसमें दो दर्जन से अधिक भालू 12 महीने रहते हैं। गर्मियों के समय पानी की तलाश में वह गांव की बस्तियों में आ जाते हैं, मुमेंट मिलते ही हमने टीम लगाई है जो गांव गांव मुनादी कर लोगो को जागरूक कर रही है और भालुओ पर निगरानी बनाए हुऐ है।

# टेस्टिंग के दौरान टंकियों से बहने लगा पानी

**नौरोजाबाद।** नगर नौरोजाबाद में जल जीवन मिशन की हकीकत उस समय सामने आ गई जब टेस्टिंग के दौरान पानी की टंकी से पानी बहने लगा। लाखों रुपए की लागत से बनाई गई टंकी में लीकेज की समस्या देखी गई, जिससे क्षेत्र में हडक़ंप मच गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और ठेकेदार ने बेहद लापरवाही बरती है। योजना का उद्देश्य हर घर तक



जल पहुंचाना था, लेकिन कार्य में अनियमितता के कारण सरकारी धन की बर्बादी होती दिख रही है। वहीं इस मामले को लेकर ठेकेदार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह टंकी का निर्माण हमारे द्वारा नहीं कराया गया है, जबकि वार्ड नंबर 7 की पानी टंकी की ढलाई तत्कालीन ठेकेदार के द्वारा कराई गई। टंकी से बहते पानी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे अधिकारियों की नींद उड़ गई है। लोगों ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए।

# हाथी के हमले में तीन ग्रामीणों की मौत, एक ग्रामीण घायल

**शहडोल।** जिले में जंगली जानवरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में ब्यौहारी क्षेत्र में हाथियों के हमले में तीन ग्रामीणों की दर्दनाक मौत के बाद अब देवलौंद क्षेत्र से एक और हमले की खबर सामने आई है। देवलोंद क्षेत्र के ग्राम करौंदिया के जंगल में बकरी चराने गए चरवाहे ग्रामीण पर एक अज्ञात जंगली जानवर ने अचानक हमला कर दिया। हमला इतना भयावह था कि ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसे तुरंत देवलौंद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।
ग्रामीण के पीठ पर गहरे पंजों के निशान पाए गए हैं, जिससे बाघ द्वारा हमले की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण शुरू कर दिया है और हमलावर जानवर की पहचान के लिए जांच जारी है। स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग को गश्त बढ़ानी चाहिए और लगातार हो रहे हमलों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए। ज्ञात हो कि इससे पहले ब्यौहारी क्षेत्र में हाथियों के झुंड ने तीन ग्रामीणों की जान ले ली थी, जिससे पूरे जिले में वन्यजीवों को लेकर चिंता गहराती जा रही है।

### इनका कहना है...

एक व्यक्ति को किसी जानवर ने पंजा मारा है, घायल व्यक्ति का स्टेटमेंट है कि अंधेरा होने की वजह से देख नहीं पाए कि किस जानवर ने हमला किया, हमारा स्टाफ इलाज के लिए अस्पताल ले गए है, नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

**तरुणा वर्मा डीएफओ**

# कोयलांचल क्षेत्र में कबाड़ चोरी का नेटवर्क बहुत तेज

### पुलिस ने अवैध कबाड़ से लोड ट्रक को दबोचते हुए 2 के खिलाफ की कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नवागत थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला के नेतृत्व में कोतमा पुलिस ने बुधवार की रात के अंधेरे में अवैध कबाड़ से लोड ट्रक को बनिया टोला के पास दबोचते हुए 2 के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मौके पर पकड़े गए आरोपी चालक ऋतुराज रावत 32 वर्ष पिता भैयालाल रावत निवासी अमलई को गिरफ्तार करते हुए पूछताछ किया गया। आरोपी चालक ने बताया कि उक्त कबाड़ मो रियाज खान उर्फ सोनू निवासी इसलामगंज के कहने पर कोतमा से लोड करते हुए अनूपपुर ले जाया जा रहा था। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संदिग्ध कबाड़ चोरी की धारा 35(2) अः बीएनएस एवं



303 (2) बीएनएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में जुटी है। घटना के बारे में पुलिस ने बताया कि वाहन क्रमांक यूपी 14 ई टी 1603 माजदा में 6 टन कबाड़ कीमती एक लाख 80 हजार रुपए का लोड होकर अनूपपुर की ओर जाने वाला है। पुलिस के द्वारा बनिया टोला तिराहे के पास घेराबंदी करते हुए वाहन को रोककर तलाशी लेने पर लोहा, कास्ट आयरन सहित अन्य सामान पाया गया। दस्तावेज की मांग किए जाने पर मौके पर नहीं पाया गया। ट्रक में लोड कबाड़ संदिग्ध होने पर वाहन को जप्त कर कार्रवाई की गई। विदित रहे कि कोतमा क्षेत्र में गली गली कबाड़ के ठीहे गुलजार है जहां कॉलरी के कबाड़ एवं कीमती पाट्‌र्स को चुराते हुए कबाड़ के अड्डों में खपाया जाता है। नगर के बनिया टोला, विकास नगर, बसखली तिराहा, बैरियर के पास कबाड़ के ठीहे आबाद है। कार्यवाही में थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला, एएसआई बृजेश पांडे, अभय त्रिपाठी, शुभम तिवारी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# मछली बाजार की दुर्गंध से परेशान लोगों ने किया सड़क जाम



**हरिभूमि, शहडोल।** मछली बाजार की दुर्गंध से परेशान लोगों ने सडक़ पर जाम लगा दिया, जाम की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और समझा बूझकर लोगों से जाम हटवाया है। न्यू बस स्टैंड से इंदिरा चौक जाने वाले मार्ग में यह जाम आधे घंटे से अधिक समय तक स्थानीय लोगों ने लगाया था। नगर पालिका क्षेत्र के न्यू बस स्टैंड के समीप इंदिरा चौक मार्ग में कई वर्षों से मछली बाजार लगाई जाती है। यह इलाका एक घनी आबादी वाला है, आस-पास रह रहे लोगों को मछली बाजार की दुर्गंध से समस्या होती है, जिसकी वजह से लोगों ने यह विरोध जताया है। एक स्थानीय व्यक्ति ने अपने नाम ना छापने की शर्त में बताया कि हम लोगों ने कई बार इस मछली बाजार को हटाने की मांग प्रशासन से की है, लेकिन इसे अनदेखा किया गया। मजबूरन आज हमें मुख्य मार्ग को जाम करना पड़ा और पास में ही एक निजी दुकान में चिकन मटन की कटिंग का भी कार्य शुरू किया गया है, जिससे हमें समस्या होती है। पुलिस ने बताया की इंदिरा चौक से न्यू बस स्टैंड जाने वाले मार्ग में मछली बाजार के सामने रह रहे स्थानीय रह वासियों ने बीच सडक़ पर कई बाईक खड़ी कर दी और सडक़ को बंद कर दिया। जिससे आवागमन आधे घंटे से अधिक समय तक के लिए बंद रहा। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई, यह शहर का प्रमुख मार्ग है, जहां से बाजार और न्यू बस स्टैंड जाने आने के लिए लोग निकालते हैं। जाम की वजह से लोगों को काफी समस्याओं का सामना भी करना पड़ा। सडक़ पर जाम लगने की जानकारी जैसे ही कोतवाली पुलिस को लगी पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से बातचीत कर जाम को खुलवाया गया है। नगर पालिका के अधिकारियों को मौके पर बुलवाया गया। पुलिस की सूचना के बाद नगर पालिका अमला मौके पर पहुंचा जिसमें स्वच्छता निरीक्षक मोती लाल सिंह ने लोगों से बातचीत की और विरोध कर रहे लोगो को आश्वासन दिया है कि जिस घोषित मछली बाजार का विरोध कर रहे हैं, उसे जल्द से जल्द दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। निजी दुकान में मटन-चिकन काटने का कार्य अगर शुरू किया गया है तो, उसे भी बंद करवाया जाएगा।

# शहडोल में होगा दिव्य श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव

### 22 मई से 30 मई तक कथावाचन करेंगे डॉ. अंजनी शरण पाण्डेय

**शहडोल।** मध्यप्रदेश धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक जागरण का अद्भुत संगम बनने जा रहा है , शहडोल नगर में 22 मई से 30 मई 2025 तक श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन करेंगे प्रख्यात कथा वाचक डॉ. अंजनी शरण पाण्डेय,पूर्व प्राचार्य अभयानंद संस्कृत महाविद्यालय कलायनपुर के ओजस्वी वाणी और गूढ़ आध्यात्मिक विवेचन के लिए जाने जाते हैं। यह आयोजन डॉ. कृष्ण कुमार मिश्र (शिक्षक)एवं समस्त मिश्रा परिवार के सहयोग से किया जा रहा है। कथा की अवधि 22 मई से 30 मई 2025 प्रत्येक दिन कथा समय 05 बजे से शाम से 07 बजे तक रहेगा, विशेष झांकियाँ व संगीतमय प्रस्तुतियाँ प्रतिदिन सायं 4 बजे से प्रदर्शित की जायेगीं, भागवत विशेष आयोजन निम्नानुसार है, कलश यात्रा एवं गृह प्रवेश 22 मई गुरुवार को एवं सप्ताहिक कथा प्रवचन 23 मई से प्रारंभ उपनयन संस्कार एवं भंडारा 28-29 मई समापन व पूर्णाहुति 30 मई को की जाएगी। भागवत कथा का अयोजन कथा स्थल पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 37/28, सत्य साईं रोड के पास में किया जायेगा, आप सभी से श्री कृष्ण भगवान की अनुपम कथा श्रवण करने का सादर आग्रह है।



**खबर संक्षेप**

## शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा महंगा बस और ट्रक जब्त



अनूपपुर। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश पर यातायात हाईवे चौकी टीम द्वारा शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। परिवहन कर रही बस एवं ट्रक के चालकों का ब्रेथ एनालाइजर मशीन से श्वास परीक्षण कराए जाने पर दोनों वाहनो के चालक शराब के नशे में होना पाए गए। जिसपर मोटर व्हीकल की धारा 185 के तरह प्रकरण दर्ज कर प्रकरण माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया। आगामी समय में भी शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध इसी तरह की कठोर कार्यवाही की जावेगी।

## अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा की जिला कार्यकारिणी बैठक आज



अनूपपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, जिला अनूपपुर की कार्यकारिणी बैठक 23 मई शुक्रवार को आयोजित की जा रही है। यह बैठक दोपहर 2 बजे से आस्था होटल अनूपपुर में प्रारंभ होगी, जिसमें संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक मे मध्य प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश यादव, प्रदेश सचिव दीपक यादव तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी की विशेष उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। यह आयोजन संगठनात्मक दिशा-निर्देशों, सामाजिक एकता, तथा समाजहित में भावी कार्यक्रमों की योजना पर विचार-विमर्श के उद्देश्य से किया जा रहा है। बैठक में जिले के संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने के प्रयासों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही, संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं को संगठित कर सामाजिक, शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को गति देने पर भी विशेष बल दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष रामचरन यादव ने इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की सभी सहयोगी इकाइयों महिला यादव महासभा, युवा यादव महासभा तथा छात्र यादव महासभा से विशेष अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागीदारी दर्ज कराकर इस बैठक को सफल एवं ऐतिहासिक बनाएं। उन्होंने यादव समाज के सभी वर्गों से अनुरोध किया है कि वे इस बैठक में शामिल होकर संगठन की मजबूती में अपना योगदान दें।

## प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला/मेगा जॉब फेयर का आयोजन 30 को

अनूपपुर। युवा संगम अंतर्गत प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला/मेगा जॉब फेयर का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अनूपपुर में 30 मई 2025 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। मेले में जिले के बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर देश एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित निजी कम्पनियों में नियोजन किया जाएगा। मेगा जॉब फेयर के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

## अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्करी करने वाले के विरुद्ध चचाई पुलिस ने की कार्रवाई

अनूपपुर। 21 मई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि डबल स्टोरी पानी टंकी चौराहा संजयनगर में भजन प्रसाद पटेल निवासी ग्राम खोती का चोरी छिपे स्मैक बेच रहा है सूचना की तस्दीक हेतु हमराह स्टाफ के मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही की गई तो भजन प्रसाद पटेल अपनी मोटर सायकल बजाज प्लेटिना क्र. एम पी 65 एमई 1510 के साथ मोटर सायकल के साथ बैठा हुआ मिला नाम पता पूछा तो अपना नाम भजन प्रसाद पटेल पिता सुनील पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम खोली थाना चचाई का होना बताया उसके पास से पहने हुये जीन्स पैन्ट के जेब में सफेद रंग की प्लास्टिक पन्नी के अन्दर सफेद रंग के कागज की 07 नग पुड़िया तथा पैन्ट के पीछे जेब में पर्स जिसके अन्दर 300 रुपये नगद व संदेही का आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक आफ बड़ौदा का डेबिट कार्ड तथा एक मोबाईल फोन वीवो कंपनी का टच स्कीन मिला प्लास्टिक के पत्री के अन्दर सात नग पुड़ियों को 07 नग कागज की पुडियों में मादक पदार्थ स्मैक बरामद हुआ है मौके से भजन प्रसाद पटेल से 7 नग स्मैक की पुड़िया एक प्लेटिना मोटर साइकिल 300 रूपए नगद, एक मोबाइल फोन, बैंक एटीएम, पासबुक आधार कार्ड आदि कीमती 47800 रुपए जप्त किया गया। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 8/22 एनडीपीएस, एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी भजन प्रसाद पटेल, के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## कृषि के नाम से पंजीकृत वाहनों का धड़ल्ले से हो रहा व्यावसायिक उपयोग

# नाबालिग व नौसिखिया दौड़ाते वाहन, कार्यवाही की दरकार

खेती को फायदे का धंधा बनाने के लिए शासन किसानों को सुविधा प्रदान करते हुए कृषि कार्य में उपयोग होने वाले संसाधनों व यंत्रों पर लाखों रुपए का अनुदान देता है।






हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।

जिले में हजारों व्यवसायी किसानों की आड़ में शासन से अनुदान प्राप्त कर ट्रैक्टर-ट्राली खरीदकर उसका पंजीयन कराकर वाहन का उपयोग रेत, गिट्टी, ईंट, बजरी, मिट्टी ढुलाई सहित अन्य व्यवसायिक कार्यों में करते चले आ रहे हैं। परिवहन विभाग ने कृषि कार्य में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों को टैक्स मुक्त रखा है, लेकिन किसानों की आड़ में हजारों ट्रैक्टर-ट्राली मालिक कृषि कार्य के नाम से इनका पंजीयन कराकर रेत ढुलाई व अन्य व्यवसायिक कार्य कर रहे हैं। इससे परिवहन विभाग को हर माह लाखों रुपए का परिवहन टैक्स के रुप में राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल क्षेत्र में व्यावसायिक उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे शासन को लाखों रुपए के टैक्स की हानि तो हो ही रही है, वहीं दुर्घटना होने पर लोगों को क्लेम लेने में भी परेशानी आती है। परिवहन विभाग में ट्रैक्टर-ट्रॉली का पंजीयन कृषि उपयोगी कार्यों के लिए होता है। लेकिन कोतमा सहित कोयलांचल क्षेत्र मे लंबे समय से सड़कों एवं हाइवे पर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। परिवहन विभाग ना ही पुलिस विभाग द्वारा इस दिशा मे कोई बड़ी कार्रवाई की जाती ट्रैक्टर ट्रॉली नगर सहित पूरे क्षेत्र मे कृषि कार्य के नाम से पंजीकृत वाहन सड़कों पर रेत, मुरूम, गिट्टी, मिट्टी ढोने में उपयोग होता है।

### नाम कृषि का, काम व्यवसाय का

नगर एवं आसपास के क्षेत्रो मे सैकड़ों की संख्या मे ट्रैक्टर धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रहे हैं जो कृषि कार्य के नाम से लिए जाते हैं जिसमे कृषको के नाम से अनुदान भी प्राप्त होता है और ऐसे वाहनो से खनन से जुड़े माफियाओं द्वारा रेत, बोल्डर, गिट्टी एवं मुरुम सहित मालवाहक के रुप मे अवैध रुप से उपयोग किया जाता है इस दिशा मे परिवहन विभाग एवं पुलिस अधिकारी चुप्पी साधे हुए है।

### आए दिन घटित होती दुर्घटना

बताया जाता है कि ट्रैक्टर ट्रॉलियों में सिग्नल नहीं होने एवं इंजन की एक हेड लाइट जलाकर तेज एवं लापरवाह पूर्वक चलाने के कारण आए दिन जिला मुख्यालय समेत कोयलांचल क्षेत्र कोतमा, बिजुरी, राजनगर व जैतहरी, राजेन्द्रग्राम में सड़क दुर्घटना घटित हो रही है बेलगाम होकर दौड रहे ट्रैक्टरों से क्षेत्र के कई राहगीरों को मौत की नींद सुलाकर फरार हो जाते हैं। पूर्व मे इसी प्रकार भालूमाड़ा बेलिया बडी के पास एवं केवई पुल पथरौडी मे भी हादसे मे लोगो की जान जा चुकी है। मगर इसके बाद भी विभाग के ध्यान नही देने के कारण हादसो मे इजाफा हो रहा है।

### यह है नियम

जानकारी के अनुसार खेती-किसानी का काम करने वाले किसानों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली खरीदने पर शासन ने उन्हें कर मुक्त रखा है। अगर कोई व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्रॉली खरीद कर उसका व्यावसायिक उपयोग कर रहा है तो उसे ट्रैक्टर-ट्रॉली का अलग-अलग पंजीयन कराना होता है। इसके लिए परिवहन विभाग में बतौर पंजीयन राशि जमा करवानी होती है। संबंधित व्यक्ति को प्रत्येक दो साल बाद पंजीयन का रिन्युअल कराना भी आवश्यक है, लेकिन इन सभी नियमों को दरकिनार कर कोतमा सहित पूरे क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का कृषि कार्य में कम व्यावसायिक उपयोग ज्यादा हो रहा है। व्यावसायिक कार्यों से परिवहन विभाग को भी हर माह लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान होता है। फिर भी विभाग के अधिकारी इन पर कार्यवाही नहीं करते हैं। एक ओर सरकार किसानों को कृषि कार्य के संसाधनों व यंत्रों पर लाखों रुपए का अनुदान देती है दूसरी तरफ व्यवसायी किसानों की आड़ में शासन से अनुदान प्राप्त कर ट्रैक्टर-ट्रॉली खरीदकर खनिज परिवहन में उपयोग करते हैं।परिवहन कार्यालय के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली का कमर्शियल उपयोग के लिए पंजीयन शुल्क पांच हजार रुपए से अधिक होता है। एक प्रतिशत परिवहन के नाम पर लिया जाता हैं। परिवहन विभाग के रिकॉर्ड अनुसार जिले में ट्रैक्टर-ट्रॉली का पंजीयन कमर्शियल उपयोग के लिए नहीं करवाया गया है। इससे यातायात नियमों का उल्लंघन हो रहा है साथ ही सड़कों पर तेज गति से दौड़ते ट्रैक्टर से हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं।

### नाबालिग व नौसिखिया दौड़ाते हैं ट्रैक्टर

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर मालिक ट्रैक्टर नाबालिग, नौसिखिया को भी चलाने के लिए दे देते हैं। जिनके पास इनका लाइसेंस तक नहीं होता। शहर में ट्रैक्टर सड़कों को खेत की तरह जोत रहे हैं। लाइसेंस जांच से लापरवाह ट्रैक्टर ड्राइवरों को एक हाथ में मोबाइल और दूसरे में स्टीयरिंग लिए देखा जा सकता है लेकिन पुलिस उन्हें देखकर भी आंख मूंदे रहती है। घनी आबादी के बीच तेज आवाज में गाना बजाते सुबह-दोपहर-शाम बेलगाम रफ्तार से चलने वाले ट्रैक्टरों को रोकने वाला कोई नहीं दिखता प्रशासिनक जांच और कार्यवाही में शिथिलता बरती जा रही है। प्रशासनिक नियंत्रण नहीं रहने का परिणाम है कि नगर के गलियों में भी काफी स्पीड से ट्रैक्टर का परिचालन जारी है। सड़क पर तेज गति से ट्रैक्टर गुजरने से लोग काफी भयभीत रहते हैं। शहर में बाइक परिचालन के लिए हेलमेट दस्तावेज की जांच हो रही है लेकिन ट्रैक्टर परिचालन से संबंधित सुरक्षा मानक की जांच नहीं हो रही है। जब कभी जांच में बिना लाइसेंस ट्रैक्टर चलाते पकड़े जाने पर संबंधित विभाग द्वारा केवल जुर्माना वसूली कर अपना कोरम पूरा कर लेते हैं।

## सेना के सम्मान में महिलाओं ने निकाली शौर्य यात्रा

कोतमा।



जम्मू कश्मीर के पहलगाम के बेसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए निर्मिम आतंकी हमले में देश के 26 नागरिकों की हत्या के बाद पूरे देश में भारी आक्रोश देखा गया। इस जघन्य हत्या के जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर आतंकवादियों व उनको पनाह देने वाले जिम्मेदारों को करारा जवाब दिया। देश की आन बान और शान भारतीय सेना के सम्मान को लेकर नगरवासियों के हृदय में देश प्रेम का भाव जगाने शौर्य सम्मान समिति कोतमा द्वारा गुरुवार को भव्य यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाए, युवा एवं पुरुष बस स्टैंड परिसर में एकत्र होने के बाद नगर के मुख्य मार्गो जाकीडा चौक, आजाद चौक, स्टेशन, महावीर मार्ग सहित अन्य मार्गो का भ्रमण कर गांधी चौक पहुंचे। उपस्थित राष्ट्र भक्तों के द्वारा सेना की अदम्य साहस, बहादुरी एवं शौर्य को लेकर वक्तव्य दिया। समस्त नागरिकों से देश प्रेम की भाव जगाने को लेकर संकल्प लिया। यात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया गया। नगर की नारी शक्ति की प्रतीक श्रीमती मोहिनी वर्मा ने कहा कि भारतीय सेना की शक्ति एवं पराक्रम का नजारा पूरी दुनिया ने देखा। उक्त ऑपरेशन में मातृ शक्तियों का विशेष योगदान रहा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को बयां करती यह यात्रा देश की समस्त नारियों के सम्मान को बढ़ाने वाली है।

## नगर में खुले आम चल रहा सट्टे का कारोबार

हरिभूमि न्यूज बिजुरी।

नगर में खुलेआम सट्टा खिलाने का कारोबार बड़ी तेजी से फल-फूल रहा है। शहर के अधिकांश हिस्सों में सट्टा खिलाने वालों के एजेंट बैठकर पर्चियां काट रहा है। सटे में हर दिन लाखों रुपए लगाने का काम हो रहा है। बड़े खिलाड़ी ऑनलाइन खेल रहे वहीं साथ ही ग्रामीण अंचलों के कई लोग खेल कर अपनी जमा पूंजी बर्बाद कर रहे हैं। कुछ लोग चोरी से पैसे बर्बाद कर रहे हैं, जिसके कारण कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके हैं। खिलाने वालों का कर्ज होने पर जिले में कई लोग आत्महत्या भी कर चुके हैं। जुआ, सट्टे को लेकर कई बार विवाद होने की जानकारी आने के बाद भी जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई पुलिसकर्मियों से सांठगांठ करके इस खेल को खिलाने का काम सट्टेबाजों के द्वारा किया जा रहा है। तभी तो सटे पर रोक नहीं लग पा रही है। कई पुलिसकर्मी थाना प्रभारी को भी गुमराह करके इस काम को अंजाम दे रहे हैं। थाना प्रभारी जुआ, सट्टा अवैध रूप नशे का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। उनकी मेहनत पर भी पानी फेरने का काम इस कारोबार से पैसा लेने वाले पुलिसकर्मियों के द्वारा किया जा रहा है। जिनके नाम हमेशा चर्चाओं में रहते हैं। सट्टे की खाई वाज हर बार नए लोगों को के माध्यम से सट्टे के खेल को अंजाम दे रहे हैं। हैरानी की बात तो कि मुख्य बाजार से लेकर लोहसरा सीएलके स्कूल के सामने दुकानों, कपिलधारा, माइंनस, मोहाड़ा दफाई, दलदल, आदि क्षेत्रों में दिनभर सट्टे पर दाव लगवाने का काम किया जाता है। ग्रामीण भी सुबह से ही सट्टा खेलने के लिए पहुंच जाते हैं, नगर खिलाड़ी भी इस काम में पीछे नहीं है। पैसे वाले लोग मोबाइल तथा ऑनलाइन के माध्यम से सटे पर पैसा लगाने का काम करते हैं। अधिकांश गरीब मजदूर वर्ग के लोग लालच के चक्कर में मेहनत मजदूरी भी इस खेल पर लगाकर बर्बाद हो जा रहे हैं ,इनके घरों की आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती ही जा रही है । इसकी जानकारी नीचे से लेकर ऊपर तक के आला अधिकारियों को है फिर भी इस तरह से खुलेआम इस खेल को खिलाने वालों पर समय रहते पुलिस प्रशासन के द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके पीछे जो कारण सामने आ रहा है उसमे बताया जा रहा है कि कुछ पुलिस कर्मियों की मिलीभगत से इस कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। उनकी पहचान करके उन पर भी पुलिस को कठोर कार्रवाई चाहिए शिकवा शिकायत विवाद की स्थिति होने के बाद ज्यादा कर्ज होने पर कई लोग आत्महत्या जैसे कदम को भी उठा चुके हैं जो मजदूर सुबह से लेकर शाम तक 200 से 300 एकत्रित करने की कोशिश करता है वह भी ज्यादा के चक्कर में मजदूरी गवा कर घर खाली हाथ लौटते है। जबकि इनके परिवार का भरण पोषण मजदूरी के पैसे से ही चलते हैं । इनके घरों में कई बार चूल्हे भी नहीं जला पाता है। अब देखना है कि सट्टे के कारोबार को बढ़ावा देने वाले बा खिलाने वालों पर पुलिस प्रशासन के द्वारा कितनी ठोस कार्रवाई की जाएगी या फिर सट्टे का कारोबार इसी तरह निरंतर खुलेआम संचालित होता रहेगा लोग अपनी मेहनत मजदूरी की कमाई इसी खेल में लगाकर बर्बाद करते रहेंगे।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार 22.05.2025 को आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, मध्यस्थता योजना, तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 के संबंध में कानूनी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सकरा एवं ग्राम पंचायत बड़हर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिले के अंतिम छोर ग्राम पंचायत खैरखुण्डी आंगनबाड़ी केन्द्र निदावन एवं ग्राम पंचायत औढेरा में लोगों के मध्य जाकर, नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाऐं योजना 2015 एवं नालसा आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाऐं योजना 2015 के संबंध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर ब्रजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जो मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से आमजन को जानकारी दी। इस दौरान शाबिर अली डिप्टी चीफ असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसेल, पैरालीगल वालेंटियर रामखिलावन पटैल, संतोष सिंह सरपंच ग्राम पंचायत सकरा, राजू नायक रोजगार सहायक/प्रभारी सचिव ग्राम पंचायत औढेरा, रामनारायण यादव सदस्य ग्राम पंचायत औढेरा, श्रीमती सुनीता सिंह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के कर्मचारीगण नितेश केशरवानी व राजेश कोल एवं अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## शासकीय महाविद्यालय जैतहरी में नागरिक सुरक्षा के तहत दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में नागरिक सुरक्षा के तहत शासकीय महाविद्यालय जैतहरी में बुधवार को होमगार्ड एवं एस.डी.ई.आर.एफ. की टीम द्वारा सिविल डिफेन्स वालेन्टियर्स को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान नागरिक सुरक्षा एवं 12 सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा हवाई हमले चेतावनी एवं सायरन व ब्लैक आउट के दौरान की कार्यवाही से अवगत कराते हुए मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया। साथ ही अग्नि आपदा, आग के प्रकार एवं बुझाने के तरीके बताए गए तथा प्रथमोपचार के अंतर्गत सीपीआर, पट्टी ड्रेसिंग की विधि से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराते हुए मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर होमगार्ड जिला सेनानी अजय सिंह कश्यप, प्लाटून कमाण्डर रामनरेश भवेदी, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय जैतहरी डॉ. रमेश सिंह वाटे, महाविद्यालय के स्टॉफ आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

राकेश कुमार राज आ.जगतराम राज निवासी हालमुकाम सोम गली कासिमपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग....पुनरीक्षणकर्ता

**विरुद्ध**

नबी खान आ.इशहाक खान, निवासी कोतमा तहसील व जिला अनूपपुर म.प्र....उत्तरवादी
रा.प्र.क्र.202404071800011/अ-12, पेशी दिनांक 16.06.2025

उपरोक्त प्रकरण में पुनरीक्षणकर्ता राकेश कुमार राज आ.जगतराम राज निवासी हालमुकाम सोम गली कासिमपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 202302072500060/अ-12 में पारित आदेश 31.03.2023 से क्षुब्ध होकर इस न्यायालय में पुनरीक्षण प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 16.06.2025 को नियत है। अतः उत्तरवादी नबी खान आ.इशहाक खान निवासी कोतमा तहसील व जिला अनूपपुर म.प्र. अपना पक्ष रखने हेतु इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 16.06.2025 को सुबह 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। आपके अनुपस्थित रहने पर आपके खिलाफ प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 05 मई 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**(आर.ए.कुरूवंशी)**
**अतिरिक्त कलेक्टर**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## घायल को डायल 100 ने पहुँचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।



थाना कोतमा क्षेत्र में छुल्हा गाँव में घर से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 22-05-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल कोतमा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/10 स्टाफ आरक्षक सुनील मिश्रा एवं पायलेट रामकिशोर विश्वकर्मा ने मौके पर पहुँचकर बताया कि घर के ऊपर से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया है। डायल-112/100 जवानों ने घायल व्यक्ति बृजभान निवासी छुल्हा को एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर कोतमा अस्पताल में भर्ती करवाया जहाँ घायल व्यक्ति का उपचार किया जा रहा है।

## हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

अनूपपुर।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल ने सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि की है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिये अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के लिये अब 25 मई 2025 रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों की द्वितीय परीक्षा के लिये 31 मई 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन किये जा सकेंगे।

